04 पेट्रोल-डीजल टैंकर्स पुलिस की सुरक्षा में गंतव्य तक...



07 हम मोदीजी के नेतृत्व में समृद्ध, विकसित...



### कलेक्टर-एसपी ने ट्रक ड्राइवर, पेट्रोलियम और ऑटो एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक की

# चालक-परिचालक ने किया बे-बस, ऑटो संघ आया साथ, पेट्रोल पंपों पर थमा रहा ट्रेफिक

नर्मदापुरम के वाशिंदों के लिए नववर्ष के शुरूआती दिन काफी मुश्किल भरे गुजर रहे है। कानून को लेकर चालक-परिचालक हड़ताल पर है ऐसे में ऑटो संघ ने उनका समर्थन कर दिया है।



कलेक्टर-एसपी ने बैठक ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिट एण्ड रन कानून में किए जा रहे बदलाव के विरोध में बुधवार को भी बस, ट्रक चालकों की हड़ताल जारी रही। जिसके कारण नर्मदापुरम जिले के रहवासियों को परेशानियां दूसरे दिन भी झेलनी पड़ी। संभाग मुख्यालय नर्मदापुरम से किसी भी बस का संचालन नहीं होने से बस स्टेंड परिसर में बसों का अंबार लग गया। चालकों की हड़ताल से किसी भी रूट की बसें आगे नहीं बढ़ी। इस दौरान नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में यात्री ट्रेनों के भरोसे यात्रा करने को बेबस हुए। पिपरिया में विरोध के स्वर तेज देखे गए। वहीं हड़ताल के असर का परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की डीजल-पेट्रोल के लिए लंबी लंबी कतारें रही। बस और ट्रक चालकों की हड़ताल का असर यह हुआ कि ऑटो चालक संघ ने भी समर्थन देकर अपने अपने ऑटो घरों में खड़े कर लिए। इस दौरान बाजार में सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं देने वाले ही ऑटो चालू है।

### रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का लगा रहा तांता

रेलवे स्टेशन पर बाहर से आने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्हें घर तक पहुंचने के लिए ऑटो या बस नहीं मिल पाई। ऐसे में उन्हें भारी दिक्कत उठानी पड़ी साथ ही ट्रेनों की भीड़ का सामना करना पड़ा। हालांकि ड्रायवरों की हड़ताल से बनी परिस्थितियों के निराकरण के लिए

### आवश्यक सेवाओं और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बाधित न हो

कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिले के ट्रक, ड्राइवर, पेट्रोलियम एवं ऑटो एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने डीजल- पेट्रोल की उपलब्धता तथा आपूर्ति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की हड़ताल से आवश्यक सेवाओं सहित डीजल पेट्रोल उपभोक्ताओं को कोई परेशानी ना हो तथा डीजल पेट्रोल की आपूर्ति लगातार बनी रहे, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय करें। जिला प्रशासन इस कार्य में हर संभव सहयोग करेगा। बैठक में आरटीओ निशा चौहान जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिले में आवश्यक सेवाओं एवं खाद्य पदार्थों की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। कोई भी व्यक्ति अफवाहों पर ध्यान न दे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें और आवश्यकता अनुसार ही डीजल, पेट्रोल का उपयोग करें। पेट्रोलियम रिफाइनरी से लगातार आपूर्ति बनी हुई है। एसपी डॉ गुरकरण सिंह ने बैठक में धारा 304 ए के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति सुगमता से बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। आपकी हर संभव मदद की जाएगी।

### स्टॉक जांचने पहुंचे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक

जैसे ही पेट्रोल- डीजल की किल्लत की जानकारी लोगों को पहुंची वह अपने वाहनों को लेकर पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते शहर से सभी पेट्रोल पंपों पर दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों की कतार लग गई। जिले के पंपों पर भीड़ को उमड़ता देख, पंप चालक भी सक्ते में आ गए। मंगलवार की शाम कलेक्टर सोनिया मीना और एसपी डॉ गुरकरण सिंह ने नर्मदापुरम के पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। उन्होंने ऑटोमेशन मशीन चेक कर पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल का स्टॉक जांचा। साथ ही संचालकों से चर्चा कर जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद यह भी समझाइश दी की पंपों पर कालाबाजारी और किसी भी प्रकार का विवाद न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। दोनों अधिकारियों ने गरिमा गैस एजेंसी का स्टॉक भी चैक किया और कहा कि सुचारू रूप से गैस सिलेंडर का वितरण किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया वह ट्रक ड्रायवर और पेट्रोल पंप संचालक एसोसिएशन के निरंतर संपर्क में रहे।

### दूसरे दिन भी जारी रही वाहन चालकों की हड़ताल



**सेमरी हरचंद।** नगर के वाहन चालकों द्वारा दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। स्थानीय कृषि उपज मंडी गेट के सामने नगर के वाहन चालक एकत्रित होकर हिट एंड रन कानून के खिलाफ नारेबाजी करते एवं सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर उनके चालकों से सहयोग की अपील करते नजर आए। वाहन चालकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हिट एंड रन कानून के माध्यम से सरकार वाहन चालकों पर अत्याचार कर रही है। इस आंदोलन से संबंधित नगर के वाहन चालको द्वारा स्थानी पुलिस चौकी प्रभारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है जिसमें वाहन चालकों द्वारा सरकार से ज्ञापन के माध्यम से अपील की गई है कि सरकार ने जो वाहन चालकों द्वारा दुर्घटना होने पर जुर्माना एवं सजा का प्रावधान किया है उसे वापस लिया जाए। ऐसे में परिवार की रोजी-रोटी कममा पाना मुश्किल होगा। क्योंकि जुर्माने की रकम तो हम जीवन भर इकट्ठे नहीं कर सकते तो हम जुर्माना भरेंगे कहां से।

### पिपरिया में संघ के बैनर तले सौंपा ज्ञापन




**पिपरिया।** ट्रांसपोर्ट व्हीकल फेडरेशन एवं ट्रक ड्राइवर यूनियन संघ, बस यूनियन, ड्राइवर संघ, ऑटो-टेंपो, टैक्सी ड्राइवर संघ विभिन्न संगठनों ने गृहमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ट्रक ड्राइवरों ने नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सैकड़ो की तादात में रैली के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वहीं ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से समस्त पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखने को मिली। भारत पेट्रोलियम के संचालक शब्बीर हुसैन ने बताया कि 13000 लीटर पेट्रोल 1 दिन में ही समाप्त हो गया। यह पहली बार है जब इतना पेट्रोल बिका। पेट्रोल डीजल हड़ताल को सुनकर लोग लगातार स्टॉक करने में लगे हुए हैं। नगर में दूध व सब्जी की गाड़ी भी नहीं आई है जिसके कारण महंगाई होने की भी संभावना जताई जा रही है। यदि यह हड़ताल लंबी चली तो सीधा असर आम नागरिक के जीवन पर पड़ेगा।

### जिले के 126 पंपों पर पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस उपलब्ध है

जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन ने बताया कि जिले में कुल चालू अवस्था में 126 पेट्रोल-डीजल पंप संचालित है। जिसमें से 2 जनवरी को 92 पेट्रोल-डीजल पंपों पर ग्राहकों के लिये पेट्रोल/ डीजल उपलब्ध है। उक्त पेट्रोल / डीजल पंपों से ग्राहकों को उनकी मांग अनुसार पेट्रोल-डीजल प्रदाय किया जा रहा है। जिले को इटारसी डिपों से 120000 लीटर पेट्रोल-डीजल (पेट्रोल 60000+डीजल 60000 लीटर) की आपूर्ति की गई है, बीपीसीएल डिपों बकानिया भोपाल से 96000 लीटर पेट्रोल-डीजल (पेट्रोल 57000+ डीजल 39000 लीटर) की आपूर्ति की गई है तथा रिलायंस डिपों 96000 लीटर पेट्रोल / डीजल (पेट्रोल 57000+डीजल 39000 लीटर) की आपूर्ति की गई है। इस प्रकार जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 312000 लीटर पेट्रोल / डीजल (पेट्रोल 174000+डीजल 138000 लीटर) की सप्लाई प्राप्त हो चुकी है। विभिन्न डिपों में जिन भी पेट्रोल पंपों के इंडेन्ट (मांग पत्र) लगे हुये है, उन्हे आज शाम तक की स्थिति में सप्लाई प्राप्त हो जावेगी। किसी भी तहसील में पेट्रोल/डीजल की अनुपलब्धता की स्थिति नही है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल / डीजल का स्टॉक संरक्षित कर रखा गया है। जिला नर्मदापुरम में कुल 25 गैस एजेंसियों संचालित है, जिनमें आज 2 जनवरी की स्थिति में 24 गैस एजेंसियों पर ग्राहकों के लिये घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

## काला-बाजारी रोकने होगी मॉनिटरिंग,कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में वर्तमान स्थिति में ट्रांसपोटर्स की हड़ताल होने से पेट्रोल डीजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की निबार्ध आपूर्ति की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कंट्रोल रूम डीसीसीसी कक्ष में स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07574-251292 है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे राउंड द क्लॉक सक्रिय रहेगा। आमजन आवश्यक सेवाओं के संबंध में इस नंबर पर सूचना दे सकेंगे। कंट्रोल रुम के लिए संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गुंजन जैन को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर संदीप चौरसिया एवं जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन आनंद झेरवार को कंट्रोल रूम की स्थापना एवं संचालन हेतु समन्यय का कार्य सौंपा जाकर दायित्व निर्वहन किये जाने के लिए राउंड द क्लॉक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो जिले के स्टॉक पर नजर रखेंगे।

## पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कमी नही होने देंगेः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश प्रदेश में चल रही ड्राइवरो की हड़ताल के बीच पेट्रोल डीजल और घरेलू गैस सप्लाई में कमी होने की अफवाहों के मद्देनजर प्रशासन ने मंगलवार को बैठक आयोजित की। बैठक में ट्रक एसोशिएशन, ऑटो ड्राइवर एवं बस ड्राइवर से एडीएम देवेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षु आइएएस एवं एसडीएम टी प्रतीक राव सहित अधिकारियों ने मीडिया की उपस्तिथि में चर्चा की। एसडीएम राव ने कहा कि इटारसी शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जिले में पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। सभी पेट्रोल पंपों को खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं एवं आपूर्ति में व्यवधान ना आए स्पष्ट तौर पर बताया गया है। एडीएम सिंह ने बताया कि ट्रक ड्राइवरो से प्रशासन के द्वारा सीधी बात बुधवार को की जावेगी एवं उनको समझने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार सुनीता साहनी, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन एवं एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी गौरव बुंदेला आदि मौजूद रहे।

## हत्या के दोषी बीएसएफ के आरक्षक को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी


नर्मदापुरम जिले के चिन्हित जघन्य सनसनीखेज मामले में दोष सिद्ध होने पर बीएसएफ से सेवानिवृत्त आरक्षक की हत्या करने वाले बीएसएफ के आरक्षक दोषी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटारसी ललित कुमार झा द्वारा 30 दिसंबर 2023 को सनसनीखेज हत्याकांड के प्रकरण में बीएसएफ अम्बासा, त्रिपुरा में पदस्थ आरक्षक आरोपी कुशमेन्द्र सिंह जाटव पिता चेतराम जाटव निवासी ग्राम धौंधी जिला सीतापुर उप्र को बीएसएफ से सेवानिवृत अल्फ्रेड नेरियस निवासी पथरौटा की हत्या के अपराध के लिए धारा 302 भादवि के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 27 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि घटना 18 मार्च 2019 को सुबह 7.30 बजे बीएसएफ से रिटायर्ड अल्फेन्ड नेरियस घर से उसकी लड़की इतिशिया उर्फ ऐनी उम्र 6 वर्ष को एनटीपीसी स्कूल पथरौटा स्कूटी से छोड़ने गये थे। कुछ देर बाद अल्फेन्ड नेरियस की पत्नी इमोरलिन नेरियस भी स्कूल चली गयी थी। स्कूल में किसी ने फोन करके सूचना दी थी कि ग्राम पांडूखेड़ी में उसके पति अल्फेन्ड नेरियस को कुशमेन्द्र सिंह ने गोली मार दी है। तब वह स्कूल के स्टाफ के साथ ग्राम पांडूखेड़ी घटनास्थल पर पहुंची तो देखा रोड़ पर काफी भीड़ लगी थी। पुलिस स्टाफ तथा उसकी बेटी इतिशिया उर्फ ऐनी खड़ी थी, जिसने बताया कि उनको सोयाबीन फैक्ट्री के पास कुशमेन्द्र सिंह अंकल मिले जिन्होंने हाथ देकर पापा को रोका तथा जोर-जोर से बातचीत कर विवाद करने लगे तब पापा ने कुशमेन्द्र को फार्म हाउस प्लाट पर ले जाने के लिये स्कूटी पर पीछे बैठा लिया । पांडूखड़ी रास्ते पर कुशमेन्द्र सिंह ने स्कूटी को हिलाकर गिरा दिया तथा छोटी बंदूक से पापा के कंधे में गोली मार दी। आरोपी कुशमेन्द्र के विरूद्ध धारा 302 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्कालीन थाना प्रभारी कंचनसिंह ठाकुर ने विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी एचएस यादव द्वारा की गई।

### डिवीजन की अंडर 15 और 18 बालक वर्ग की टीम घोषित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिशन की प्रतियोगिता एमएम जगदाले ट्रॉफी अंदर 15 एवं हीरालाल गायकवाड ट्रॉफी अंडर 18 के लिए नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ की टीम घोषित की गई। जानकारी देते हुए संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि अंडर 15 टीम मुरैना संभाग में खेलेगी एवं अंडर 18 टीम इंदौर में इंदौर संभाग से मैच खेलेगी। टीम की घोषणा सलेक्शन कमेटी के चैयरमैन निवेश फौजदार ने की। अंडर 18 हीरा लाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए नर्मदापुरम टीम में शेखर देशमुख, हेमंत नंदा, सौरभ वर्मा, श्रीनिवास गट्टनी, साहिल कावड़े, वेदान्त दुबे (कप्तान), लव दुबे, अक्षत सोलंकी, अभिनव, केशव व्यास, अनमोल यादव, अथर्व दुबे, तनिष्क रघुवंशी, अभिमन्यु तोमर, अर्यावर्त पटेल, स्टैंड बाय मानस भार्गव,दिग्विजय चौहान, रिद्धेश मेहता,करन यादव,वंश जाट,देव तोमर हैं। वहीं अंडर 15 एमएम जगदाले ट्रॉफी में मो.आराफ कुरेशी, अथर्व पटेल, तेजस्वी कालभौर, हिमांशु चड़ोकर, नमन मीना, समीर ठाकुर, आकीब खान, प्रियव्रत पटेल, प्रियांशु सनोरिया, युवराज मेहर, विनय मेघवानी, समर्थ चौहान, विवेक बघेल, पीयूष कुशवाह, गौतम कौशल शामिल हैं। स्टेंड बॉय खिलाड़ी यथार्थ डूडी, आर्यन चौरे, शरद चौरे, अक्षय पाण्डेय, कार्तिक मुकाती, भव्य चौहान के नाम शामिल किए गए हैं। इन खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन का ट्राफी जीतने की आशा है।

### राम विवाह प्रसंग पर खूब नाचे श्रद्धालु



**नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम आरी में चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस मंगलवार को श्रीराम सीता विवाह का प्रसंग की कथा हुई। इस दौरान श्रद्धालु भाव विभोर होकर खूब नाचे। कथा व्यास श्री सद्भाव तिवारी के कथा सुनते हुए कहा कि भगवान राम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे। इस समय देवी पूजन के दौरान भगवान राम को माता सीता का प्रथम दर्शन होता है। इस प्रसंग के भजन को सुनकर स्त्रोत मंत्र मुग्ध हो गए। इसके बाद धनुषभंग का प्रसंग का वर्णन किया गया। भगवान राम को देखकर सभा में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान को अलग अलग स्वरूप में देखा। यही भाव की बात है। भगवान को किसी ने स्वजन के रूप में देखा तो किसी ने पुत्र के रूप में देखा। किसी ने अपने प्रभु के रूप में देखा तो किसी ने महावीर कर स्वरूप में देखा। किसी को भगवान सहज रूप में नजर आए तो किसी को तो वे साक्षात काल के रूप में दिखाई दिए। भाव यह है की भगवान को आप जिस भाव से देखेंगे वे उसी रूप में दिखाई देते हैं। इसके बाद भगवान का विवाह हुआ। इस दौरान तो कथा स्थल जनकपुरी ही बन गया था। कोई स्वयं को अवधपुरी समझ रहा था तो कोई जनकपुर निवासी मानकर धन्य हो गया।

### ऊखल बंधन लीला दर्शन हुए



**नर्मदापुरम।** स्थानीय स्वयंवरम गार्डन में चल रही वृंदावन की रासलीला के दूसरे दिन मंगलवार को ऊखल बंधन लीला का दर्शन हुआ। इसके पहले नित्य रास के दौरान जय जय श्यामा, जय जय श्याम जय जय श्री वृंदावन धाम भजन पर भक्त झूम उठे। लीला का भाव यह था कि भगवान ने इस लीला के माध्यम से गंधर्व यमलार्जुन का उद्धार किया। लीला के दौरान मैया यशोदा उन्हें बांध नहीं पाती। आशय यह है कि भगवान भक्ति और भाव से ही बांधे जा सकते हैं। लीला में कृष्ण रस की खूब बरसा ही रही है।

### जन समस्याओं का तत्परता पूर्वक निराकरण करें

**नर्मदापुरम।** जिले में आमजनों को अपनी समस्याओं को लेकर परेशान न होना पड़े। जनसमस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया जाए। जनसुनवाई में आए आवेदनकर्ता की समस्या अगर वाजिब है तो उसका नियमानुसार तत्काल समाधान किया जाए। अपात्र होने की दशा में भी आवेदनकर्ता को सूचित करें। ताकि उन्हें जनसुनवाई में परेशान न होना पड़े। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ 73 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ वास्तविक रूप से आमजनों को प्राप्त हो...

# आपसी समन्वय और सामंजस्य से टीम वर्क की तरह काम करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हितग्राहीमूलक योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ वास्तविक रूप से आमजनों को प्राप्त हो। सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से अपने कार्यों को करें। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय और सामंजस्य से टीम वर्क के तरह काम करें। आगामी दिनों में विभागवार बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले ट्रक ड्राइवर्स की हड़ताल की सभी एसडीएम से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए हड़ताल के चलते पेट्रोलियम उत्पाद सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं की आपूर्ति बाधित न हो। जिले में चिंता की स्थित नहीं है। भोपाल, जबलपुर और इटारसी डिपो से आने वाले पेट्रोल डीजल की सुचारू रूप से आपूर्ति की जा रही हैं। सुनिश्चित करें कि पेट्रोल पंप से रिजर्व स्टॉक की आपूर्ति आवश्यक सेवाओं के लिए ही किया जाएं। सभी एसडीएम



अपने क्षेत्र के पेट्रोल पम्प स्टॉक की सतत निगरानी करें। कालाबाजारी की स्थिति निर्मित न हो। पेट्रोल पम्प संचालक, ट्रांसपोर्टर्स और ड्राइवर्स के साथ बैठक करें और उन्हें व्यवस्थाएं बनाएं रखने के लिए निर्देशित किया जाए। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखें। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में कुल 126 पम्प हैं, जिनमें बकानिया भोपाल, रिलायंस भोपाल, इटारसी डिपो से लगातार आपूर्ति की जा रही हैं। नर्मदापुरम शहर में 14 पेट्रोल पम्प में से 6 चालू हैं। शेष पेट्रोल पंप में भी आपूर्ति निरंतर जारी हैं ।

### संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन पूरी तत्परता से किया जाए

बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जनपद और निकायवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण अभियान हैं। अभियान का क्रियान्वयन पूरी तत्परता के साथ कराएं। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में व्यवस्थित ढंग से हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित करें। ताकि आंकड़ों में नहीं वास्तव में पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो। नगरीय क्षेत्रों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने रोजगारमूलक योजनाओं और बीमा संबंधी योजनाओं के प्रकरण शीघ्र स्वीकृत और वितरण कराने के निर्देश एलडीएम को दिए।

### धान उपार्जन की सतत मॉनिटरिंग करें

धान उपार्जन की समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में प्रतिदिन धान खरीदी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम खरीदी केंद्रों का भी सतत निरीक्षण करें। किसानों और किसान संगठनों से संपर्क में रहे। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उनका त्वरित निराकरण कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### नवागत कलेक्टर ने किया कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण



कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में स्थित योजना सांख्यिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, अधीक्षक शाखा, लोकसेवा प्रबंधन, एनआईसी, ई गवर्नेंस, खनिज, स्थापना शाखा, नाजिर शाखा, अपर कलेक्टर न्यायालय और स्टेनो कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें

सभी विभागीय प्रमुख सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामन्य की शिकायतों का निराकरण गंभीरता से किया जाए। आवेदकों से चर्चा कर उनकी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, नगरपालिका, लोकनिर्माण विभाग, कृषि, जनजातीय कार्य आदि विभागों को शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिकायतों के निराकरण में सन्तोषजनक प्रगति न करने वाले विभागों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। अच्छा कार्य करने वाले विभागों को भी और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### ड्राइवरों की हड़ताल जनता परेशान

**भौंरा।** केंद्रीय कानून नए हिट एंड रन केश के खिलाफ ट्रक, टेंकर एवं बस चालक के नए साल पर हड़ताल पर चले जाने से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। बेतुल ओबेडुल्लागंज मार्ग जिसमें दिन रात हजारों वाहन दोनों ओर से गुजरते थे वह सुनसान हो गया है। वाहन ड्राईवरो के हड़ताल पर चले जाने से पेट्रोल, डीजल, सब्जी, दूध सहित आवशक सामान की सप्लाई बंद हो गई है। नगर के एक मात्र पेट्रोल पंप पर डीजल का स्टाक तो है परंतु पेट्रोल का स्टाक खत्म हो गया है। पंप संचालक मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि बड़े वाहन के नहीं चलने से डीजल की बिक्री भी प्रभावित हुई है। वहीं बस के नहीं चलने से नागरिकों को दो पहिया वाहन से सफर करना पड़ रहा है जिसकी वजह से पेट्रोल की मांग बढ़ने से पेट्रोल पंप पर स्टाक निल हो गया है। नगर के बस स्टैंड से प्रतिदिन एक सेकड़ा से अधिक बसे निकलती है जिससे एक हजार से अधिक यात्री आवागमन करते है । नगर के रेलवे स्टेशन ढोडरामोहार में भी आमला ईटारसी ममू ट्रेन के अलावा अन्य किसी ट्रेन का स्टापेज नही होने से भी यहाँ से यात्रा शुरू करने वाले यात्री परेशान हो रहे है। ट्रक चालक सुरेश राठौड़, किशोर आरसे ने बताया कि केंद्र सरकार ने गलत कानून बनाया है जिसके विरोध में देश के सभी ड्राईवर हड़ताल पर चले गए हैं।

### पेट्रोल-डीजल टैंकर्स का सुगमता से परिवहन के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

# पेट्रोल-डीजल टैंकर्स पुलिस की सुरक्षा में गंतव्य तक पहुंचाया जाए: कलेक्टर सूर्यवंशी

## एसडीएम, तहसीलदार करें पेट्रोल पंप का नियमित निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध सप्लाई के लिए टैंकर्स को पुलिस अभिरक्षा में कॉन्वाय में पेट्रोल पंप तक भेजा जाएगा। यह बात नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट में पेट्रोल पंप मालिकों से चर्चा करते हुए कहीं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दे। पेट्रोल एवं डीजल पहले की तरह ही आपको मिलता रहेगा।



### टैंकर्स के प्रोटेक्शन की मांग

पेट्रोल पंप मालिकों ने पेट्रोल एवं डीजल परिवहन में लगे टैंकर्स को कंपनी से पेट्रोल पंप तक प्रोटेक्शन में लाने की मांग की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एडीएम को टैंकर्स को कॉन्वाय के रूप में पुलिस प्रोटेक्शन में परिवहन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के वितरण व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियमित निरीक्षण करें। न तो किसी वाहन को अत्यधिक मात्रा में जब तक आवश्यक न हो पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाए।

वाहन चालकों की हड़ताल के कारण टैंकर्स के परिवहन में किसी तरह का अवरोध नहीं आने दिया जाएगा। पंप मालिक प्रतिनिधि मंडल में राजीव वर्मा, पिंटू वर्मा, अभिजर हुसैन, रोहित वर्मा, सुमित सपरा, आलोक मालवीय, उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा, एडीएम जयप्रकाश सैय्याम, आरटीओ अनुराग शुक्ला उपस्थित थे।

### जरूरत के अनुसार ही लें पेट्रोल

कलेक्टर सूर्यवंशी ने आम जनता से अनुरोध किया है कि आप अपनी जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल और डीजल लें। पेट्रोल-डीजल का कोई क्राइसिस नहीं है। शासन-प्रशासन स्थिति पर निगाह बनाए हुए हैं। पेट्रोल क्राइसिस के डर में एक ही वाहन चालक सामान्य से दुगना पेट्रोल क्रय कर रहा है, जिसके कारण शॉर्टेज की अफवाह फैल रही है। पेट्रोल पंप मालिकों को भी हिदायत दी कि वे मोटर बाइक और कार में निश्चित मात्रा से अधिक पेट्रोल एक बार में नहीं दे।

### कंट्रोल रूम की करें स्थापना

कलेक्टर सूर्यवंशी ने बैठक में अधिकारियों को कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए। यह कंट्रोल रूम पेट्रोल पंप मालिकों, पेट्रोल पंप कंपनी और कंपनी प्रतिनिधि के बीच पेट्रोल आपूर्ति के लिए समन्वय स्थापित करेगा। कलेक्टर ने कहा कि शहर में लगभग 125 पेट्रोल पंप संचालित हैं। जिसमें प्रतिदिन एक हजार किलोलीटर पेट्रोल एवं डीजल का वितरण होता है। परंतु पेट्रोल क्राईसिस की अफवाह के कारण यह खपत अचानक दोगुनी हो जाने से पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ लगने लगी है, जिससे पेट्रोल का वितरण भी प्रभावित हुआ है।

# नरेंद्र सूर्यवंशी ने कलेक्टर पद पर अपना कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बैतूल जिले के कलेक्टर पद पर मंगलवार अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जयप्रकाश सैय्याम, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन एवं श्री मकसूद अहमद ने कलेक्टर सूर्यवंशी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सीईओ अक्षत जैन ने नवागत कलेक्टर को जिले की भौगोलिक स्थिति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों एवं सभी विभागों के जिले में पदस्थ अधिकारियों से मुलाकात की।

# कलेक्टर सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में आवेदक की सुनी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के नवागत कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सुबह 11.58 पर कार्यभार ग्रहण करते ही प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में आवेदकों की शिकायतों पर सुनवाई की।

जनसुनवाई में भूमि बंटवारा, जमीन पर अवैध कब्जा, मुख्यमंत्री संबल योजना का लाभ देने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। बैतूल के तिलक वार्ड क्रमांक 9 निवासी सिद्धि प्रसाद यादव ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से पैतृक भूमि का हिस्सा दिलवाने और भूमि पर किए कब्जे को हटाए जाने की मांग की। कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को आवेदन पर उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह एक और अन्य आवेदन में ग्यारसिया प्रसाद यादव ने पोस्ट ऑफिस में जमा राशि दोनों भाईयों में बराबर बांटे जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने समूचित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

### रात 12 से सुबह 8 बजे तक बिजली की हो रही कटौती

# कालापानी की सजा भोगने को मजबूर हैं ग्राम पंचायत कौड़ी के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भैंसदेही विकासखंड की ग्राम पंचायत कौड़ी-कौडिया के ग्रामीण इन दिनों कालापानी की सजा भोगने को मजबूर हैं। रात बजे से गांव में बिजली बंद हो जाती है और सुबह 8 बजे तक बंद रहती है। गांव में काम-काज सब सुबह ही होते हैं रात में जहां खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है तो वहीं बच्चों की पढ़ाई, गांव में पानी सप्लाई जैसे मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से गांव में चौबीस घंटे बिजली सप्लाई की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एक पत्र कलेक्टर बैतूल को भी दिया है।



ग्रामीण सुरका, पंच रवि सहित सुनील पटेल ने बताया कि गांव में रात में 12 बजे बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। गावं पूरी तरह से अंधेरे में डूब जाता है। गांव में छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग अंधेरे के कारण परेशान हो जाते हैं। वहीं बच्चों की पढ़ाई भी अंधेरे के कारण प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में रात और सुबह के समय सिंचाई नहीं हो पाती है तो वहीं सुबह बच्चे जल्दी उठकर पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर सहित बिजली कंपनी के अधिकारियों से गांव में 24 घंटे बिजली सप्लाई की मांग की है।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



ग्राम खेड़ीकोर्ट के किसानों ने ज्ञापन सौंपते समय कलेक्टर को बोला कि हम लोगों को बड़े ही दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि हम ग्राम खेडीकोर्ट तहसील मुलताई के निवासी है और नहर पारसडोह डेम परियोजना से रबी (गेहूँ) की फसल की सिचाई होती है जिसके लिए पानी की आवश्यकता होती है। परंतु अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया, जिसके कारण 19 हजार हेक्टर की फसल सूखी हो जाएगी। यह फसल सूख जाने की जवाबदारी सिचाई विभाग के जो पारसडेम परियोजना का संचालन कर रहे है, की होगी। जिसका सारा हरजाने की जवाबदारी इन कर्मचारियों की होगी। इनकी लापरवाही की वजह से हमारी सारी फसल सूख रही है, यदि हमारी फसल सूख जाती है तो इनकी सेलरी से इसकी भरपायी की जाये। क्योकि इस डेम के अधिकारी से लेकर आपरेटर को कई बार कहा गया ओर इसकी जानकारी बार-बार फोन एवं न्यूज पेपर के माध्यम से भी की गई है या हमे पानी दिया जाये। ओर पानी देने का क्या टाइम होगा इसकी भी जानकारी हम किसानों को होनी चाहिए कि हम पानी का सही उपयोग कर सके। आप से आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी समस्या का निराकरण अवश्य करेंगे।

### राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को चालक परिचालक संघ ने सौंपा ज्ञापन

# दूसरे दिन भी जारी रही ट्रक चालक परिचालकों की राष्ट्रीय स्तरीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

केंद्र सरकार के माध्यम से काला कानून पारित किए जाने के विरोध में दूसरे दिन चालक परिचालक संघ के माध्यम से विरोध प्रदर्शन का दौर जारी रहा।मंगलवार को चालक परिचालक संघ के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम नायक तहसीलदार संतोष पथोरिया को ज्ञापन सौंप कर कानून को निरस्त करने की मांग की गई है।चालक परिचालक संघ के क्षेत्रीय सचिव संजय परिहार ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (304ए) कहती है जो कोई भी जल्दबाजी या लापरवाही से कोई ऐसा कार्य करें किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है जो गैर इरादन हत्या की श्रेणी में आता है,उसे एक अवधि के लिए कारावास की सजा दी जाएगी। जिसे दो तक बढ़ाया जा सकता है। साल या जुर्माना या दोनों समिति का मानना है कि बीएनएस का खंड 104(2) भारत के संविधान के अनुच्छेद 20(3) के खिलाफ हो सकता है। जो कहता है अपराध के आरोपी किसी भी व्यक्ति को अपने खिलाफ गवाह बनने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। बीएनएस की धारा 104(2) के अनुसार जो कोई भी किसी भी व्यक्ति की लापरवाही से या लापरवाही से की गई मौत का कारण बनता है। उसे गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता है और घटना स्थल से भाग जाता है या पुलिस अधिकारी को घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है या घटना के तुरंत बाद मजिस्ट्रेट को किसी अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा। जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लग सकता है समिति ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 20(3) द्वारा दी गई छूट के दायरे को गवाह शब्द की व्याख्याता करके मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य को शामिल करने के लिए बढ़ा दिया है। ताकि किसी भी व्यक्ति को इसके लिए मजबूर ना किया जा सके ।



# नववर्ष में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नववर्ष पर कुछ ऐसा सेवा कार्य करना चाहिए जिसमें जनहित की भावना हो तो वह क्षण यादगार भी बन जाता है। नववर्ष के उपलक्ष्य में जेएच कालेज प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू एवं महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल खरे के उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शीतल खरे ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए एवं उनकी जिम्मेदारी लेना सुनिश्चित करना चाहिए। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि नव वर्ष को यादगार बनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोमल देशमुख, आंचल मोहबे, सुरभि जैन, निशु पवार, कुणाल केकतपुरे, आयुष घिड़ोड़े, विशाल अमरूले, ऋषक पारिसे, इस्तियाक अली, जयश्री सुर्यवंशी, सोनम इवने, प्रमिला परते, किरण धुर्वे, चंदा चतुरकर, रानु कालोनिया, आशना उईके, मुस्कान बडख़ाने का सराहनीय योगदान रहा।



### ग्रामसभा में सर्वसम्मति से कोटवार को पद से हटाने प्रस्ताव हुआ पारित

# ग्राम कोटवार को हटाने कलेक्टर से मिले ग्रामीण, दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

साहब! बात बात पर जरूरी कामों को करने के पैसे मांगना, छोटे-छोटे कामों को अड़ाकर रखना, पैसे नहीं देने पर काम नहीं करना और सरकार की किसी भी योजना की जानकारी ग्रामीणों को नहीं देना, ये करतूत है भैंसदेही विकासखंड की ग्राम पंचायत कौड़ी के ग्राम कोटवार की। दरअसल मंगलवार को ग्राम कौड़ी के ग्रामीण ग्राम कोटवार नंदकिशोर सिंगारे को पद से हटाने ग्रामसभा में प्रस्ताव लेने के बाद कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। सरकार की तमाम योजनाओं से वंचित और ग्राम कोटवार द्वारा हर काम के पैसे मांगने से तंग आ चुके ग्रामीणों ने कलेक्टर से ग्राम कोटवार को हटाने की गुहार लगाई है।



कौड़ी ग्राम पंचायत के ग्रामीण सुनील पटेल, सुरका, रामदास सहित एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में संचालित किसी भी योजना की जानकारी लेने या अन्य काम करवाने पर ग्राम कोटवार नंदकिशोर सिंगारे द्वारा पैसो की मांग की जाती है। वहीं पैसे नहीं देने पर ग्राम कोटवार यह धमकी देता है कि मेरे अलावा तुम्हारा काम और कोई नहीं कर सकता। भैंसदेही एसडीएम को सहित कलेक्टर को ग्रामीणों ने ग्रामसभा में लिए प्रस्ताव की प्रति भी सौंपी है।

### ग्रामसभा में लिया प्रस्ताव

ग्राम कोटवार की हरकतों से ग्रामीण इतने परेशान हो गए हैं कि सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों सहित ग्रामीणों ने सर्वसहमति से ग्राम कोटवार को हटाने का प्रस्ताव पारित किया है। इस दौरान ग्राम सभा में सरपंच अनेदी उईके, रामदास सलामे, जगदीश सलामे, रवि मर्सकोले, शिवनाथ मर्सकोले, पांडुरंग भलावी, रेशमा वाड़िवा, सुनिता मर्सकोले, चैतो धुर्वे, सम्मी धुर्वे, कलावती मेश्राम, इमला वर्टी, ममता सलामे सहित दर्जनों ग्रामीणजन मौजूद थे। पारित प्रस्ताव में सरपंच, उपसरपंच ने भी अनुमोदित किया है।

### ऊंचे पाइप डालकर बना रहे पुलिया, घरों में घुसेगा पानी

# ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, सड़क-पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर भी उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जंबाड़ा से जमदेहीकला तक सडक़ का निर्माण किया जा रहा है, ताकि आवागमन सुगम हो सके, लेकिन सडक़ पर बनने वाली पुलिया में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुलिया निर्माण में मानक मापदंड भी गायब है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया में जो सीमेंट पाइप डाला जा रहा है, उसकी ऊंचाई अधिक है, जबकि घर नीचले हिस्से में बने हुए है। ऐसे में बरसात के समय आसपास के घरों में पानी घुसेगा। इस समस्या से अधिकारियों को अगवत भी कराया गया, किन्तु अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण गेंदराव सराटकर, रितु बाई, सिंधु सराटकर ने बताया कि जंबाड़ा से जमदेहीकला तक 7 किलोमीटर सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। यह सडक़ जंबाड़ा से माहोली, कान ढाणा होते हुए बोरदेही मुख्य मार्ग से जुड़ती है। सडक़ के साथ ही पुलिया भी बन रही है। पुलिया में पानी निकासी के लिए पाइप डाले जा रहे है, उसकी ऊंचाई अधिक है, जबकि सडक़ किनारे नीचले हिस्से में छोटे-छोटे पाइप डाले गए है। बरसात में तेज बहाव के कारण पानी निकल नहीं पाऐगा और पानी नीचले हिस्से में बने मकानों में घुसेगा। जिससे आसपास रहने वाले लोगों के मकानों को क्षति पहुंचेगी और उन्हें परेशानियों का सामना भी करना पड़ेगा।

## पुलिया निर्माण में घटिया मटेरियल का इस्तेमाल, जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान



सडक़ और पुलिया मानक मापदंडो को दरकिनार कर बनाई जा रही है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से गुणवत्ताविहिन कार्य हो रहा है। पुलिया की साइडों के ज्वाइंट को अच्छे से नहीं मिलाया गया है। पुलिया बनने के बाद ठेकेदार घटिया सीमेंट से ज्वाइंट बंद कर रहा है। यह ज्वाइंट खुलने से पानी का रिसाव होगा। इधर सडक़ की गुणवत्ता पर भी ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए है। ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ निर्माण में भी जगह-जगह धांधली ही नजर आ रही है। पुलिया घटिया किस्म के सीमेंट, रेत और गिट्टी से बन रही है। जिसके कारण पुलिया साल दो साल में ही दम तोड़ देगी।

### सड़क किनारे बड़े पाइप डालने की मांग

ग्रामीणों ने सडक़ किनारे नीचले हिस्से में भी ऊंचे और बड़े पाइप डालने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिया का पाइप बड़ा है और सडक़ किनारे छोटे पाइप डाले गए है। पानी का फोर्स रहने पर छोटे पाइप से पानी नहीं निकल पाऐगा। जिससे समस्याएं खड़ी होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि छोटे पाइप को हटाकर उसके स्थान पर बड़े पाइप डाले जाए, ताकि पानी आसानी से निकल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो ग्रामीण जिला कलेक्टर से कार्य में हुई लापरवाही की शिकायत करेगे।

### विचार करेंगे

ग्रामीणों के हिसाब से काम नहीं किया जा सकता है। स्टीमेट के आधार पर ही सड़क का निर्माण हो रहा है। सड़क का कार्य गुणवत्तापूर्ण ही कराया जा रहा है, ग्रामीणों की मांग पर विचार किया जाएगा।

**राजेश राय, एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुलताई।**

### कॉलेज परिसर में हर साल 25 पौधे रोपने का संकल्प लिया

# भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल दुबे हुए सेवानिवृत्त

**बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष मृदुभाषी, संगीत मर्मग्य, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी डॉ. सलिल दुबे 41 वर्ष अधिवार्षिकी सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए जिन्हें प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार कदवाने, डॉ. सुखदेव डोंगरे, भौतिक शास्त्र के डॉ. सुभाष खातरकर, प्रो. शिव पवार द्वारा शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। विभाग द्वारा लक्ष्मीतरू के पांच पौधे दुबे सर को भेंट किए गए। प्रो. सलिल कुमार दुबे ने संकल्प लिया कि महाविद्यालय परिसर में प्रतिवर्ष 25 पौधे रोपित करेंगे। डॉ. विजेता चौबे ने कहा डॉ. सलिल दुबे ने अपने कार्यकाल में भौतिक शास्त्र की प्रयोगशाला का उन्नयन करने में एवं नवीनतम उपकरण बुलवाकर सक्रियता के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन के साथ प्रेक्टिकल करवाए।

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया श्री दुबे सर प्रवेश कार्य, युवा उत्सव, छात्रसंघ निर्वाचन, अनुशासन, परीक्षा नियंत्रण कक्ष, उडऩदस्ता, केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में सफलतापूर्वक कर्मठता एवं निस्वारुथ समर्पण की मिशाल प्रस्तुत की। डॉ. सुभाष खातरकर ने बताया दुबे सर ने 1982 में जेएच कॉलेज बैतूल में सहायक प्राध्यापक पद पर अपनी सेवा प्रारंभ की। सेवा के 41 वर्ष पूर्ण करने के बाद 31 दिसंबर 2023 में सेवानिवृत्त हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक डा. सीतासरन शर्मा बोले...

# हम मोदीजी के नेतृत्व में समृद्ध, विकसित सुरक्षित और अपराधमुक्त शासन देंगे

यात्रा कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितलाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को लाभांश वितरण किया गया। योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के जीवन स्तर में क्या सुधार आया उनकी जुबानी कहानी सुनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दो कार्यक्रम मंगलवार को इटारसी में आयोजित हुए। पहला कार्यक्रम पुरानी इटारसी देवल मंदिर के पास और दूसरा कार्यक्रम भगत सिंह नगर पीली बिल्डिंग वार्ड 26 में हुआ। दोनों ही स्थानों पर नागरिकों खासकर महिलाओं की भागीदारी बहुत ज्यादा रही। यात्रा कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितलाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को लाभांश वितरण किया गया। योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के जीवन स्तर में क्या सुधार आया उनकी जुबानी आम नागरिकों ने उनकी कहानी सुनी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता शाह, सीएमओ रितु मेहरा, महिला बाल विकास अधिकारी दिप्ती शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, छोटे भैया चौधरी, सुभाष मालवीय, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति राकेश जाधव, नाजिया बेग, पार्षद जिमी कैथवास, अमित विश्वास, कुंदन गौर, राहुल प्रधान, पुरानी इटारसी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, देवेंद्र पटेल, रमेश धूरिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू बकोरिया, महिला मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष बबीता चौहान, मंडल इटारसी भाजपा महामंत्री राहुल चौरे, पुरानी इटारसी महामंत्री गोविंद मेहतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष पुरानी इटारसी सौरभ चौधरी, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक निर्मल, जिला युवा मोर्चा मंत्री गोपाल शर्मा, महामंत्री नगर शुभम राठौड, आशीष मालवीय सहित अन्य मौजूद थे। पुरानी इटारसी में कार्यक्रम का संचालन राहुल चौरे और भगत सिंह नगर में रोहित कुमार अहिरवार ने किया। पुरानी इटारसी में देवल मंदिर के सामने आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुए मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बन रहा है। 2047 तक विकसित भारत बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में समृद्ध, विकसित, सुरक्षित और अपराधमुक्त शासन दिया रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह देश में पहली बार संभव हो पाया है कि सरकारी कार्यालय जनता के द्वार खुद पहुंचे हो। यह मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को सम्मान मिला है, महिला सशक्तिकरण देश में आगे बढा है। उन्होंने दोनों ही स्थानों पर उपस्थित जनता से आव्हान किया है कि हमने अब तक मोदी जी को मजबूत किया है। आने वाले अप्रैल मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार पिफर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। ताकि देश विश्वगुरु बने।



#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

देवल मंदिर व पीली बिल्डिंग के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पुरानी इटारसी में टीआरएम स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुति दी। इसी तरह एकलव्य कोचिंग के बच्चों ने स्वच्छता पर नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी। भगत सिंह नगर पीली बिल्डिंग के पास आयोजित हुए कार्यक्रम में बच्चों ने मेरे घर राम आए हैं गाने पर प्रस्तुति दी।

#### नपाध्यक्ष बने निक्षय मित्र

टीबी पेसेंट के पोषण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई निक्षय पोषण योजना के तहत नपाध्यक्ष निक्षय मित्र बने। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक टीबी पेसेंट को पोषण आहार किट प्रदान की। इस किट में 3 किलो मोटा अनाज, डेढ किलो दाल, 250 ग्राम खादय तेल, एक किलो दूध पावडर प्रदान किया गया। इसी तरह कुल 19 निक्षय मित्र आज बने।

#### संकल्प यात्रा में यह भी हुआ

विकसित भारत संकल्प यात्रा इटारसी में 106 आयुष्मान कार्ड बांटे गए। 529 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जिसमें 93 ब्लड प्रेशर के एवं 77 शुगर के मरीज को स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया गया। 268 नागरिकों की आभा आईडी बनाई गई। योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों द्वारा ₹मेरी कहानी मेरी जुबानी₹ बताया गया। पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत 12 हितग्राहियों को 4 लाख रुपये का लोन वितरण किया। 14 स्व सहायता समूह को करीब 40 लाख रुपये का लोन प्रदान किया गया। पुरानी इटारसी में 19 पटटों का वितरण किया गया।

#### कलश यात्रा निकाली गई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ के साथ दोनों ही स्थानों पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। इसमें नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# प्रशासन द्वारा बनाए गए डिवाइडर को विधायक की उपस्थिति में तोड़ा गया

### डिवाइडर के कारण प्रतिदिन बन रही थी जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पूर्व एसडीएम अखिल राठौर द्वारा रातों रात काफी चतुरता से यात्री प्रतीक्षालय तोड़े जाने के बाद बनाए गए डिवाइडर को आखिरकार वर्तमान एसडीएम ब्रजेन्द्र रावत, सीएमओ दीपक रनवे और विद्यायक विजयपाल की उपस्थिति में तोड़ दिया गया। बता दें कि सोहागपुर शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए बनाया गया डिवाइडर मार्ग अव्यवस्था का कारण बन गया था। स्टेट हाईवे रोड पर डिवाइडर की वजह से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नगर परिषद अमले ने जेसीबी मशीन लगाकर 2 साल पहले बनाए गए डिवाइडर मार्ग को कार्रवाई के दौरान तोड़ दिया है। सीएमओ दीपक रानवे ने बताया कि पूर्व नगर परिषद प्रशासक अखिल राठौर के कार्यकाल में स्टेट हाईवे रोड पर एसडीओपी कार्यालय से नरसिंह बिहारी मंदिर तक करीब 100 मीटर लंबा एवं 3 फीट ऊंचा डिवाइडर बनाया गया था। सीएमओ ने बताया कि डिवाइडर बनने के बाद लोगों की आए दिन शिकायत आ रही थी, सड़क पर पूरे दिन यातायात बाधित होता था जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती थी।

#### सिर्फ एक तरफ से ही चालू था डिवाइडर मार्ग

पुराना बस स्टैंड पर यातायात सुविधा के लिए बनाया गया डिवाइडर मार्ग सिर्फ एक तरफ से चालू था। दूसरी तरफ रोड नहीं बन पाने के कारण मार्ग चालू नहीं हो पाया था जिसके चलते मार्ग पहले से सकरा हो गया था और भीड़भाड़ वाला एरिया होने की वजह से सड़क आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती थी कई बार जाम को खुलने में घंटे का समय लग जाता था।

# बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट, सेमीफाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी नगर में बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट अपने अंतिम दौर में है क्रिकेट टूर्नामेंट में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें सेमीफाइनल एलिमिनेटर दौर में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच अटल इंटरप्राइजेज वर्सेस ठैनी स्टार क्वालीफायर 1,दूसरा मैच आईसीसी वर्सेस जिला भूखेड़ी के बीच खेला जाएगा। बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक समिति सदस्य सत्यम सोनी ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 4 तारीख को खेला जाएगा, प्रतियोगिता में प्रथम में नाम राशि 81081 एवं द्वितीय राशि 51051 एवं शील्ड है फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच 3000 एवं शील्ड एवं मैन ऑफ द सीरीज 11 हजार रुपए एवं शील्ड दिए जाएंगे।

## देवी जस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मोकलवाड़ा में विशाल देवी जस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। माधव सिंह रघुवंशी ने बताया कि 6 जनवरी को सुबह 8:30 बजे से ग्राम पंचायत के पुराने भवन के पास प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें लगभग 30 मंडल आने की संभावना जताई जा रही है। संचालन भगवत सिंह रघुवंशी, माधव सिंह रघुवंशी, जगदीश आरसे लांघाबम्होरी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में रामविलास रघुवंशी, गजेंद्र रघुवंशी, महेंद्र दास, मनोज दास, पवन रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, सुरेश रघुवंशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर, ग्राम पंचायत सचिव सहित आदि उपस्थित रहेंगे।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट, ऑल इंडिया हॉकी की तैयारी जोरों पर





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला हॉकी संघ इस वर्ष हॉकी की दो बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन करा रहा है। 4 जनवरी से अंतरजिला हॉकी प्रतियोगिता होगी और 10 जनवरी से अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता होगी। दोनों की प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी दिन-रात खेल के लिए मैदान तैयार करने में जुटे हैं। देर रात तक मैदान पर काम चल रहा है। सुबह और शाम को नन्हें खिलाड़ी भी वरिष्ठ खिलाडिय़ों के नेतृत्व में प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। जिला नर्मदापुरम की टीम भी मैदान पर पसीना बहा रही है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, रविन्द्र जोशी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, सचिव कन्हैया गुरयानी सहित युवा खिलाड़ी प्रतिदिन मैदान पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा 4 जनवरी से प्रारंभ होने वाली इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता में पहले दिन छह मैच खेले जाएंगे। पहला मैच हरदा और रायसेन के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच बालाघाट और शिवपुरी की टीमों के मध्य होगा। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन एवं सचिव कन्हैया गुरयानी ने बताया कि इंटरडिस्ट्रिक्ट का पहले दिन का तीसरा मैच खरगोन और टीकमगढ़, बड़वानी और रतलाम, पांचवा मैच अनूपपुर और बैतूल के मध्य तथा छटवा मैच शाजापुर और सागर के मध्य खेला जाएगा।

# प्रचार-प्रसार वाली नंबर प्लेट लग रही मकानों में






हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम जमुनिया में ग्राम वासियों से 50 प्रति घर के हिसाब से नंबर प्लेट के नाम पर वसूली की जा रही है। वसूलीकर्ता नंदरामलाल ग्राम जमुनिया में प्रत्येक घर जाकर मध्य प्रदेश शान द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के नाम पर प्रत्येक घर से 50 रूपये रसीद देकर लिए जा रहे हैं एवं उनके द्वारा मकान की नंबर प्लेट के नाम पर एक कार्ड दिया गया है।

जिसमें मध्य प्रदेश शासन की योजनाओं जैसे बेटी बचाओ स्वच्छ भारत मिशन कोरोना से बचाव आदि नारे लिखे हुए हैं। वसूलीकर्ता नंदराम लाल का कहना है कि वह प्रत्येक घर में नंबर प्लेट लगा रहा है। जिसके 50 रुपए प्रत्येक घर से ले रहा है। परंतु उसके पास जनपद पंचायत का 15 दिसंबर 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के कार्यालय से जारी पत्र क्रं. 3210 मप्र शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार मकान की नंबर प्लेट के माध्यम से करने के लिए सरपंच सचिव एवं ग्राम कोटवार से सहयोग करने के लिए लिखा गया है। पत्र में यह भी अंकित है कि नंबर प्लेट लेना ऐक्षिक है परंतु वसूली कर्ता द्वारा नंबर प्लेट लेना अनिवार्य बताकर 50 रूपए बाकायदा रसीद देकर लिए जा रहे हैं। इस विषय में पंचायत इंस्पेक्टर बृजेश तिवारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि मकान की नंबर प्लेट लगने का कार्य चल रहा है। नंबर प्लेट लगाने वाले का पुलिस वेरिफिकेशन करवा लिया गया है नंबर प्लेट लगवाना ऐक्षिक है।

# विजयपाल सिंह की जीत पर निकाला विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर




विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर मतगणना के बाद पहली बार नगर आगमन पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी के साथ विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह का भव्य स्वागत किया। राइस मिल से शुरू हुआ स्वागत समारोह, पंडित ढाबा और रामलीला मंच तक जारी रहा। विद्यायक विजयपाल सिंह ने रामलीला मैदान पर पहुंचते ही हनुमान मंदिर पर भगवान श्रीराम, हनुमान जी की आरती उतार कर उनका आशीर्वाद लिया तत्पश्चात मंच पर भाजपाइयों वा आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव इत्यादि ने यथा योग्य पुष्प हार-पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत समरोह के बाद एसडीएम ब्रजेंद्र रावत, सीईओ संतोष अग्रवाल इत्यादि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार से हितग्राहियों को जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने पर जोर देते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने इस योजना के लिए सरकार को सराहा। अधिकारियों के बाद विद्यायक ने अपनी जीत पर समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया तो उन्होंने केंद्र सरकार की हितग्राही योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए अधिकारियों वा कर्मचारियो को ध्यान दिए जाने की बात कही।

#### विजय होने के 29 दिन बाद निकला विजय जुलूस

मंच के कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं की इच्छा अनुसार विजयपाल सिंह का विजय जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से गुजरा। रामलीला मैदान से सिंगा जी तक विजयपाल सिंह खुली जीप में सवार होकर मतदाताओ का आभार जताया। इस दौरान ग्रामीणों और भाजपाइयों ने पुष्प वर्षा, आतिशबाजी और ढोल नगाड़े से अपने लाडले विद्यायक का स्वागत किया। इस दौरान सविता दीवान शर्मा, सुरेश पटेल, ललित पटेल, माया शैलेंद्र शाह, केशव जाजू,नरेंद्र शर्मा, विजय छाबड़िया, अनिल गैहरैया, शरद दुबे, विनीत भार्गव, राघवेन्द्र आचार्य, कमलेश आचार्य, सुदीप दुबे, सचिन पुरबिया, संजीव पटेल, मनीष जैन, भगवान सिंह पटेल, रामबाबू रघुवंशी, भरत रघुवंशी, खुशीलाल पाल सहित सैकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे।

# मांग: 376 के आरोपी के घर चले बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मारूपुरा , सोहागपुर निवासी अकरम खान जो कि बलात्कार का आरोपी है बीते दिनों आरोपी द्वारा थाने में कागजी कार्यवाही के दौरान स्वयं को कैची मारकर घायल कर लिया गया था । आरोपी अकरम के ऊपर लगे आरोपों के आधार पर सकल हिंदू समाज के बैनर तले सोहागपुर एसडीएम कार्यालय में हिंदू समाज के लोगों ने एकत्रित होकर एसडीएम बृजेंद्र रावत से आरोपी के घर और दुकान पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की है । हिंदू समाज के लोगो के अनुसार अकरम खान अपराधिक वा घृणित मानसिकता का व्यक्ति था , ऐसी मानसिकता और सोच वाले व्यक्ति के घर , दुकान में बुलडोजर चलाकर उसके बढ़ते अपराध के ग्राफ को ध्वस्त किया जा सकता है । हिंदू समाज ने ज्ञापन में लिखा कि अकरम खान के ऊपर पहले से ऐसे कई मामले है जो समाज को कलंकित करने का काम करता है । ऐसे आरोपी के घर में बुलडोजर चलाए जाने की कार्यवाही करना चाहिए ताकि ऐसी विकृत मानसिकता के लोगो पर नकेल कसी जा सके। हिंदू समाज ने 7 दिवस के अंदर उक्त कार्यवाही करने का निवेदन प्रशासन से किया है अन्यथा हिंदू समाज द्वारा कठोर निर्णय लिया जाएगा जिसकी जवाबदारी ज्ञापन के अनुसार प्रशासन की होगी।

#### अतिक्रमण का हिस्सा तोड़ा जाएगा

एसडीएम ब्रजेंद्र रावत ने बताया कि आरोपी अकरम खान का पुलिस रिकार्ड मांगा गया है साथ ही राजस्व और नगर पंचायत से अवैध अतिक्रमण की जानकारी मांगी गई है। यदि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का है तो उसके अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

# नशा मुक्ति के संदेश का दीपक लिए देश के हीरा निकले भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




नेशनल सोशल आर्गनाइजेशन के बैनर तले जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक नशा मुक्ति और कीटनाशक मुक्त कृषि करने का संदेश देने दीपक कुमार यादव और हीरालाल महावर पद यात्रा पर पिछले 45 दिन से निकले है। इन युवाओं का मकसद सिर्फ और सिर्फ स्वच्छ युवा स्वच्छ भारत है। इस संदेश को देने थकान और परेशानियों को अपनी मुस्कराहट से खत्म करते हुए ये सड़क मार्ग के माध्यम से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश से होते हुए कन्याकुमारी तक पहुंचेंगे । इन संदेश वाहकों ने युवाओं से मिलकर उनके संकल्प और उद्देश्य को साझा करते हुए बताया कि उनके यात्रा का उद्देश्य सिर्फ युवाओं को जागरूक करना है ताकि समाज में सार्थक पहल की शुरुआत के साथ पारिवारिक कलह, घटनाएं, दुर्घटनाओं से छुटकारा मिलते सुखद और आनंद के वातावरण में सभ्य समाज निर्विवाद जीवन बिताएं।

पिपरिया से सोहागपुर विधान सभा में प्रवेश करने पर सर्वप्रथम उनका शोभापुर में पुलिस चौकी में स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान वरिष्ठ भाजपाई शरद दुबे, आरक्षक अंकित साहू, आशीष आचार्य, पिंटू साहू, दिनेश पूर्विया, नीतेश मिश्रा, हैप्पी नामदेव, हेमराज ठाकुर, शिवम साहू, संदीप चतुर्वेदी इत्यादि शामिल हुए। स्वागत के बाद उनको शोभापुर से सोहागपुर की ओर प्रस्थान करवाया गया। जहां पर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल, प्रवीण चौहान, जमील खान इत्यादि लोगो ने उत्साहपूर्ण माहौल में उनकी अगवानी करते हुए उनके उद्देश्य को जाना और अनुकरण के लिए अन्य युवाओं को प्रेरित किया।


### पचमढ़ी की वादियों में वन्यप्राणियों को देख रोमांचित हो रहे पर्यटक


# खूबसूरती बिखेरते मौसम में हो रहे दीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी शरद मौसम में अपनी अलग ही खूबसूरती बिखरे हुए नजर आता है। देशभर से सैलानी पचमढ़ी घूमने आ रहे हैं। जहां वन्य जीवों के दीदार के लिए पर्यटक काफी मोटी रकम अदा करते हैं वही उसके विपरीत पचमढ़ी में अगर आपकी किस्मत बुलंद है तो आसानी से वन जीवन के दीदार हो जाते हैं। वन प्राणियों से जुड़े एक्सपर्ट बताते हैं कि मांसाहारी जानवर ठंड में ज्यादा शिकार के लिए निकलते हैं क्योंकि ठंड में उन्हें ज्यादा भोजन की आवश्यकता होती है। दिसंबर के बीते माह में पचमढ़ी वीडियो के साथ-साथ पचमढ़ी आए पर्यटकों ने काफी वन प्राणियों के दीदार किये। पचमढ़ी पीटीएस में कार्यरत डॉ अतुल जैन एक कुशल डॉक्टर के साथ-साथ एक कुशल फोटोग्राफर भी है। डॉ अतुल समय निकालकर वन प्राणियों की फोटोग्राफी करते हैं। संबंधित सारी फोटो डॉक्टर अतुल जैन द्वारा ली गई है हम उनके द्वारा ली गई सारी तस्वीरों की प्रशंसा करते हैं।

#### तेंदुआ, बाघ, भालू और बायसन आदि नजर आ रहे हैं



यूं तो पचमढ़ी का बाहरी क्षेत्र सफारी में नहीं आता लेकिन जब आप पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्र में भ्रमण करेंगे तो ऐसा लगेगा कि मानो आप जंगल के बीचो-बीच है। बाहरी क्षेत्र में घूमने पर आमतौर पर तेंदुआ बाघ भालू बाइसन जैसे वन्य जीव नजर आ जाते हैं। वहीं कैट फैमिली में टाइगर साइज में सबसे बड़ा होता है. बाघ को इसके शरीर पर दिखाई देने वाली धारियों की वजह से पहचानना काफी आसान है. बाघ शेरों की तुलना में लंबे, अधिक मस्कुलर और आमतौर पर वजन में भारी होते हैं. बाघों के पैर मजबूत होते हैं और ये शेरों की तुलना में बहुत ज्यादा एक्टिव और फुर्तीले होते हैं. ये अक्सर अकेले ही शिकार करना पसंद करते हैं. बाघ तैरने में भी सक्षम होते हैं. बाघ दक्षिण पूर्व एशिया, चीन और भारत में पाए जाते हैं। वहीं भारत के कई इलाकों में तेंदुए पाए जाते हैं. तेंदुए द्वारा मवेशियों के शिकार की खबरें भी आती रहती हैं. ये देखने में कुछ-कुछ चीते जैसे लगते हैं लेकिन दोनों जानवरों में काफी अंतर होता है.चीते के शरीरे गोल धब्बे होते हैं, जबकि तेंदुए के शरीर पर रोसेट-शैली के निशान होते हैं. तेंदुआ, चीते के मुकाबले ज्यादा बड़ा और अधिक मस्कुलर होता है. यह हिरन जैसे जानवर का शिकार करने के बाद उसे पेड़ पर ऊपर ले जाने की ताकत रखता है. चीते के मुकाबले तेंदुओं का सिर बड़ा और लम्बा होता है. तेंदुए गुर्राते हैं, खर्राटे लेते हैं, फुफकारते हैं और कभी-कभी दहाड़ते हैं। तस्वीर में आप पचमढ़ी के तेंदुए को बंदर का शिकार करते देख रहे हैं। वहीं भालू आम तौर पर अकेला रहना पसंद करते हैं। केवल बच्चे जनने के लिए नर और मादा साथ रहते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। बच्चों के पैदा होने के बाद, ये छोटे भालू कुछ समय के लिए अपनी माँ का साथ रखते हैं। भालू ज़्यादातर दिन के समय ही सक्रिय होते हैं, हालाँकि कभी-कभी रात को भी घूमते हुए या खाना ढूंढते हुए पाए जा सकते हैं। इनकी सूंघने की शक्ति बहुत तीव्र होती है। देखने में भारी-भरकम लगने के बावजूद भालू तेजी से दौड़ सकते हैं और इनमें पेड़ों पर चढ़ने और पानी में तैरने की भी अच्छी क्षमता होती है। ये अक्सर ग़ुफ़ाओं या ज़मीन में बड़े गड्ढों में अपना घर बनाते हैं। भालू की कुछ जातियाँ सर्दियों के मौसम को सो कर ग़ुज़ारना पसंद करती हैं।

## पुलिस की हिदायत- शांतिपूर्वक तरीके से करें धरना, प्रदर्शन व हड़ताल

# दूसरे दिन भी थमे रहे 350 बसों के चक्के ड्राइवरों और पुलिस के बीच हुई झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में पूरे प्रदेश में ड्राइवरों का हड़ताल जारी है। हड़ताल के दूसरे दिन भी शहर से इंदौर,धार, बड़वानी,खंडवा समेत अन्य शहरों और ग्रामीण इलाकों में जाने वाली 350 बसों के चक्के थमे रहे। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे ड्राइवरों और पुलिस के बीच शहर के नवग्रह मंदिर तिराहा पर हल्की झड़प हुई। दरअसल, मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे नवग्रह मंदिर के पास ड्राइवरों ने लोडेड वाहनों को रोक दिया था। जिसके बाद अव्यवस्था बिगड़ता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और जाम न लगाने की समझाइश दी। ड्राइवरों से अव्यवस्था न करने और शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल करने के लिए कहा गया। पुलिस ने अव्यवस्था फैलाने वाले ड्राइवरों को खदेड़ा। जिसके बाद मामला बिगड़ गया, हाथ उठाने को लेकर पुलिसकर्मियों के साथ ड्राइवर संगठन सदस्यों की नोकझोंक हुई। कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित किया।

### जिलेभर में पेट्रोल पंपों पर लगी कतारें




### पुलिस मदद करेगी पेट्रोल लाने में

ड्राइवरों की हड़ताल के चलते बसों के न चलने से आवागमन थम सा गया है, वहीं पेट्रोल पंपों पर स्टॉक लगातार घटता जा रहा है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन ने पुलिस कंट्रोल रूम में एक बैठक की। एसपी धर्मवीर सिंह यादव ने पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि जरूरी वस्तुओं की सेवा बाधित नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी पेट्रोल पंप संचालक को डिपो से वाहन लाने में कोई परेशानी होती है तो उन्हें पुलिस सुरक्षा प्रदान कराई जाएगी।

### बस स्टैंड पर सन्नाटा

मंगलवार को सुबह से ही बस स्टैंड परिसर में सन्नाटा रहा। लगातार दूसरे दिन यात्री बसों का संचालन बंद रहा। बस स्टैंड से इंदौर, खंडवा, सनावद के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के लिए रोजाना 350 से ज्यादा बसें चलती हैं। लेकिन हड़ताल के कारण आवागमन बन रहा। लोगों ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों से जरूरी काम पूरे किए।

### हड़ताल से पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतारें

भारतीय न्याय संहिता 2023 में हिट एंड रन पर नए दंडात्मक कानून के एक प्रावधान के खलिाफ ट्रक ड्राइवर्स का विरोध प्रदर्शन दो दिन से जारी है। आवश्यक चीजों की सप्लाई पर इसका बड़ा असर पड़ना शुरू हो गया है। खासकर ट्रक-टैंकरों की हड़ताल के आगे जारी रहने की संभावना के चलते अब लोगों को पेट्रोल-डीजल की कल्लित होने का डर सता रहा है।इस वजह से शहर सहित जिलेभर में पेट्रोल भरवाने और टैंक फुल करवाने को लेकर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं एक माह तक इसकी सप्लाई नहीं होने की अफवाह से अफरा-तफरी फैल गई है।

## अतिक्रमण की चपेट में नगर की सड़कें नेशनल हाइवे 347-सी पर भी लगता है जाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की कसरावद नगर परिषद अमले की उदासीनता के चलते दुकानदारों ने सजावट की आड़ में नालियों के साथ नगर की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। नगर से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क नेशनल हाईवे 347 सी से प्रतिदिन शासकीय अमला निकलता है साथ ही हाइवे होने से दिनभर में दो हजार से ज्यादा वाहनों का आना जाना होता जिससे प्रतिदिन यातायात अव्यवथाओ में लोग फंस जाते है। एम्बुलेंस को भी आसानी से रास्ता नहीं मिलता। जिसकी प्रमुख वजह सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पैदल चलने वालों के लिए सड़क किनारे बनाई गई पटरी में दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है। जिसके कारण यातायात बाधित होता है। नगर प्रशासन द्वारा चारो तरफ फैले अतिक्रमण को हटाने कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिससे वाहन भी सड़क पर ही खड़े होते हैं। जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा बैठकों में कई बार अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की बात तो कही जाती है।मगर वह बात तक ही सीमित रह जाती। जिले के अन्य क्षेत्रो में अतिक्रमण हटाया भी गया पर नगर में कार्रवाई होते नजर नहीं आई। बस स्टैंड में भी हालात ऐसे ही है। अतिक्रमण हटाने की पहल अब तक अधिकारियों द्वारा नहीं की गई। नगर के लोगों ने बताया कि अतिक्रमण की समस्या को लेकर नगर प्रशासन को कई बार मौखिक जानकारी दी गई है। कार्यवाही के नाम पर बस खाना पूर्ति कर छोड दिया जा रहा है। नेशनल हाईवे है जिसमे भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। जिसके चलते अप्रिय घटना का भय रहता है।नगर से प्रतिदिन 90 से 100 बसे आती जाती है जिसमे हजारों यात्री आते हैं।

### मुहिम शुरू होगी

दुकानदारों ने सड़क तक अतिक्रमण कर रखा है अतिक्रमण हटाने को लेकर शीघ्र ही मुहिम शुरू की जाएगी।

**कमलेश गोले,**
**सीएमओ नगर परिषद।**

## पेट्रोल-डीजल की शहर में कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

बीते दिनों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते सोशल मीडिया पर लोगो द्वारा डीजल पेट्रोल अभाव के चलते शहर में अफरा तफरी मच गई। इस विषय को लेकर लोगो में पेट्रोल और डीजल को लेके व्याकुलता नजर आई। लेकिन मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रशासन ने तुरंत मोर्चे को संभाला। इस मामले पर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं अनावश्यक परेशान न हो। जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है यह एक निरंतर प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहेगी सभी अपनी आवश्यकता अनुसार पेट्रोल डीजल ले सकते है । प्रशासन पूरी तरह से स्थिति पे नजर बनाए रखा हुआ है। प्रशासन की निगरानी में इंदौर से 15_16 टैंकर पेट्रोल एवं डीजल के टैंकर की व्यवस्था करवाई जा चुकी है ,कोई समस्या नहीं है आवश्यकता अनुसार पेट्रोल पंपों से तेल सभी ले सकते हैं।



### कोहरे से वाहन अनियंत्रित होकर खाई में उतरा, 6 लोग घायल

**खरगोन।** जिले के कानापुर- कातोरा क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक पिकअप वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। वाहन कोहरे के चलते अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खाई में जा गिरा, जिससे वाहन की बॉडी उखड़कर अलग हो गई। वहीं वाहन में सवार करीब 6 लोग घायल हो गए, जिन्हें सनावद अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाया गया। वाहन में सवार करीब 14 लोग सवार थे जो आपस मे रिश्तेदार होकर पावागढ़ मन्नत उतारने गए थे, लौटते समय यह हादसा हुआ। जिला अस्पताल में उपचार रत बड्डु दला नेबताया वह खेरदा निवासी होकर गांव के ही रणजीत की बेटी के मन्नत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। हादसे में राजुबाई, सुभद्रा, प्रीति, सुखराम ओर गोपाल घायल हुए जिनका उपचार जारी है।

## बड़वाह में चार दुकानों में आग लगने से दुकानों में रखा सामान जलकर खाक, नुकसान का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



बड़वाह नगर के महेश्वर रोड स्थित पशु चिकित्सालय से लगी गुमटियों में अचानक आग लगने से दुकान में रखा सामान जलकर ख़ाक हो गया। आग से प्रभावित दुकानदारों से मिलने मंगलवार को विधायक और एसडीएम प्रताप कुमार आगास्या मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। चारो दुकानदारो से चर्चा की विधायक ने एसडीएम एवं तहसीलदार शिवराम कनासे को कहा कि गरीबों का बहुत नुकसान हुआ है। दुकानों में आग लगने से सभी सामान जलकर ख़ाक हो चूका है,तुरंत इन्हें वापस अपना व्यापार शुरू करने के लिए कुछ मदद मिलना चाहिऐतहसीलदार ने कहा कि तुरंत आरबीसी 6-4 के तहत 12 हजार की सहायता राशि मंजूर की गई ।चारो दुकानदारो को शासन द्वरा 12-12 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

विधायक सचिन बिरला ने कहा कि शासन द्वरा 12 हजार एवं 13 हजार रूपये विधायक निधि से दिए जाएंगे घटना के समय पास की एक मोबाइल दुकान से कुछ सामग्री चोरी हो गई थीविधायक ने 10 हजार रूपये की राशि विधायक निधि से देने की घोषणा की विधायक ने कहा कि दुकानदार छोटी-छोटी दुकानों में व्यापार करके भ्रमण पोषण करते हैदुकानदारो ने कहा कि समय पर अग्निशमन भी मोके पर नही पहुंचा। विधायक ने कहा कि सीएम का दौरा होने के कारण अग्निशमन खरगोन भेजा गया थोलेकिन आगे ऐसा नही होगा,व्यवस्था की जाएगी की एक अग्निशमन हमेशा नपा में ही रहेगा। दुकानों का जायजा लेने के पहले विधायक नगर पालिका सभाग्रह में पहुंचे थे। इस दौरान पार्षद रजनी भंडारी, महेश गुर्जर, सन्नी भाटिया, बीटा भाटिया, रवि ऐरन, निखिलेश खंडेलवाल, अंकित गुप्ता, नरहरी दांगी, गणेश पटेल, रोहित डालुका सहित सीएमओ कैलाश कर्मा एवं कार्यकर्ता मोजूद थे। दुकानदरों ने विधायक को बताया कि हमारी दुकानों के ऊपर से विद्युत तार गुजर रहे है,जिससे कभी भी घटना हो सकती है। इस दौरान विधायक ने एसडीएम को दुकानों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों को को ऊपर करने के निर्देश दिए।

### समाजसेवी रितेश गोयल ने मंदिर बनाने का नववर्ष में लिया संकल्प...

# रामेश्वर कुंड क्षेत्र में बनेगा सीता जी का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ऐसी मान्यता है कि 14 वर्ष के वनवास के समय भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण जी उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवेश कर रहे थे तब एक दिन खाडव वन खंडवा रुके थे। आसपास धना जंगल था और पानी कहीं नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में सीता मैया की पानी की प्यास बुझाने के लिए भगवान श्रीराम ने तीर चला कर जल स्रोत की धारा निकली थी, जिसे हम आज रामेश्वर कुंड, सीता बावड़ी और सीता मंदिर के नाम से जानते हैं। यह भूमि पवित्र और पूजनीय है।

ऐतिहासिक सीता बावड़ी काफी प्राचीन है और आज भी उसमें साफ पानी स्पष्ट दिखाई देता है। गर्मी में भी यहां पानी रहता है, रखरखाव के अभाव में कचरा मलवा और अन्य सामग्री व काई जमने से यह ऐतिहासिक सीता बावड़ी अवस्थित हो रही है। तत्काल इस सवारने की आवश्यकता है। साथ ही



सीता बावड़ी के पास ही एक प्राचीन सीता मंदिर भी है, जिसमें माता सीता के साथ लक्ष्मी नारायण भगवान,भोले बाबा विराजमान है लेकिन मंदिर की स्थिति ठीक नहीं है। नवीन रूप मंदिर को प्रदान करने की आवश्यकता है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि सीता बावड़ी के साथ इस मंदिर का जीर्णोद्धार यदि हो जाता है तो श्रद्धालु यहां आकर दर्शन कर सकेंगे और इसकी महिमा को भी जान सकेंगे। एक और जहां 500 वर्ष बाद भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। मंदिर में रामलला 22 जनवरी को विधि विधान से विराजमान होंगे। खंडवा में स्थित इस मंदिर के नवीनीकरण के लिए मेरे अनुरोध पर समाजसेवी रितेश गोयल ने नववर्ष की पावन बेला में सहमति प्रदान की है। गोयल ने कहा कि हमारा सौभाग्य होगा कि अयोध्या में जहां भगवान श्रीराम विराजमान होंगे, वहीं रामेश्वर की यह स्थली जहां भगवान राम सीता ने कदम रखे थे यहां सीता मंदिर का निर्माण होता है तो यह एक पुण्य कार्य होगा। श्रद्धालु आकर दर्शन कर सकेंगे। सुनील जैन ने बताया कि इस रामेश्वर कुंड स्थान पर तीन भोलेनाथ बाबा के मंदिर, राम दरबार, हनुमान मंदिर, साई मंदिर गायत्री माता मंदिर और परशुराम जी का भी मंदिर भी स्थापित है। इस प्राचीन मंदिर की देखरेख कर रहे लोग यदि तैयार हो जाते हैं तो शीघ्र ही इस मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। और संभवत देश का यह पहला सीता मंदिर खंडवा में होगा।

## कई गांव की चौपाल पहुंचीं विधायक झूमा सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

विधायक झूमा सोलंकी मंगलवार को कई गांव की चौपाल पर पहुंची और कहा कि यह जीत मेरी नहीं क्षेत्र के आम मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की है। मैं सदैव जन सेवा के कार्य करने में तत्पर रहकर, आपकी कसौटी पर कर उतारने का प्रयास करूंगी। वे अपनी कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ ग्राम रोसिया, मोरदड, जामली, पखालिया, लाखापुर, कोठड़ा में पहुंची थीं। ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से ढोल ढमाकों के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारा आदिवासी समाज इंदिरा, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस की नीतियों में विश्वास रखता है। इसलिए उनका आशीर्वाद सदैव कांग्रेस के साथ रहता है और यही कारण है कि मुझे इस क्षेत्र में पुनः जीत प्राप्त हो सकी है। इस



अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रवण नायक, जिला पंचायत के सदस्य निर्मल लोहारे, जिला महामंत्री बसंत अग्रवाल और कांग्रेसजनों में सोनारसिंह, विजयसिंह सिसोदिया, कपरसिंह, धरम जायसवाल, भूरू दरबार, विक्रमसिंह महिपालसिंह, भिकला पटेल, सायमल पटेल, पप्पू पटेल, परसराम भाई, सुनील सिरसाठे, हाबूभाई, सुरपाल पटेल, परसराम , अकलसिंग पटेल आदि मौजूद थे।

### विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए, शिविर में 387 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बोरीसराय, उदियापुर रैयत, ग्राम पंचायत सिरसौद, ग्राम पंचायत रामपुरी, ग्राम पंचायत नर्मदानगर, ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला एवं सिंगोट में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं धरती करे पुकार के अन्तर्गत पर्यावरण पर बच्चो द्वारा प्रस्तुती दी गई।



### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए

ग्राम पंचायत उदियापुर रैयत में आयोजित शिविर में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 83 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 4 आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिए गए। शिविर में एल.ई.डी. टीवी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणजनों को दी गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बोरीसराय में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया गया और योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान ग्रामीणजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन भी सुनाया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही फूलचंद, हरिओम नामदेव, गायत्री बाई नामदेव, संतोष मीणा ने सफलता की कहानियां भी सुनाई। शिविर में 387 ग्रामीणजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में स्कूल विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत नर्मदानगर में आयोजित कार्यक्रम में कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 174 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में एल.ई.डी. टीवी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणजनों को दी गई। कार्यक्रम में स्कूल विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मांधाता विधायक नारायण पटेल ने हितलाभ वितरित किए। कार्यक्रम में ह्यह्यहमारा संकल्प विकसित भारतह्यह्य की प्रतिज्ञा लेने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान 60 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तैयार कर वितरित किए गए।